**श्री पवन कुमार सिंह, मा० सदस्य विधान परिषद द्वारा विधान परिषद के तृतीय सत्र -2023 के प्रथम- मंगलवार के लिये पूछें गये अतारांकित प्रश्न संख्या-13 का उत्तरालेख :-**

| | प्रश्न | उत्तर |
|---|---|---|
| (क) | क्या हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग मंत्री बताएंगे कि जनपद सीतापुर में बुनकरों/जुलाहों को सुविधायें प्रदान करने हेतु सरकार द्वारा कोई योजना संचालित की जा रही है? | जी हाँ,<br>विभाग के माध्यम से वर्तमान में राज्य सरकार द्वारा निम्नलिखित योजनाओं से प्रदेश के पात्र बुनकर लाभ प्राप्त कर सकते हैः-<br>1-झलकारी बाई कोरी हथकरघा एवं पावरलूम विकास योजना।<br>2- मुख्यमंत्री हैण्डलूम एवं पावरलूम विकास योजना।<br>3-संत कबीर राज्य हथकरघा पुरस्कार योजना।<br>4- अटल बिहारी बाजपेयी पावरलूम बुनकर विद्युत फ्लैट रेट योजना।<br>5-हथकरघा बुनकरों को विद्युत दर में छूट की प्रतिपूर्ति योजना। |
| (ख) | क्या उत्पादों की बिक्री एवं भण्डारण हेतु विभाग द्वारा कोई कार्य योजना निर्धारित है? | जी हाँ,<br>उत्पादों की बिक्री एवं भण्डारण हेतु केन्द्र सरकार की योजनायें तथा राष्ट्रीय हथकरघा विकास कार्यक्रम के अन्तर्गत राज्य सरकार के माध्यम से निम्न उप घटक के अन्तर्गत हथकरघा बुनकरों के कल्याण/विकास हेतु योजनायें संचालित की जाती हैः-<br>1- क्लस्टर विकास कार्यक्रम।<br>2- हथकरण संवर्धन सहायता।<br>3- विपणन प्रोत्साहन।<br>4- हथकरण विपणन सहायता (जिला स्तरीय प्रदर्शनी/स्पेशल हैन्डलूम एक्सपो/नेशनल हैण्डलूम एक्सपों का आयोजन) केन्द्र सरकार के राष्ट्रीय हथकरघा विकास कार्यक्रम के अन्तर्गत नेशनल हैण्डलूम एक्सपो, स्टेट हैण्डलूम एक्सपो, स्पेशल हैण्डलूम एक्सपों एवं जिला स्तरीय हथकरघा प्रदर्शनियों एवं दिल्ली हाट के माध्यम से हथकरघा बुनकरों के हथकरघा उत्पादों के विक्रय हेतु अवसर/स्थान आदि उपलब्ध कराये जाते हैं। इसके अतिरिक्त प्रदेश सरकार के विभिन्न विभागों द्वारा आयोजित प्रदर्शनी में भी बुनकरों को स्टाल आवंटित कराये जाते हैं। |
| (ग) | यदि हाँ, तो उक्त का विवरण सदन की मेज पर रखेंगे? | उपरोक्तानुसार। |

( राकेश सचान )
मंत्री